# मोदी अगले 45 दिनों में यूपी को देंगे कई सौगातें

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने प्रदेश के तीन शहरों का दौरा करेंगे
- दिसंबर तक कई बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास होगा

**16** नवंबर को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को जनता के लिए खोला जाएगा

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी में कई मेगा परियोजनाओं को जनता को सौंपने जा रहे हैं। साथ ही वह कई महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखेंगे। पूर्वांचल के साथ-साथ पश्चिमी यूपी को इस तरह की कई सौगात मिलने जा रही हैं।

करीब एक हफ्ते बाद प्रधानमंत्री का यूपी दौरा होगा और उसके बाद अगले 45 दिन तक लोकार्पण व शिलान्यास जैसे आयोजनों की झड़ी लग जाएगी। इसमें बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर जैसी सौगात दी जाएंगी। वहीं गंगा एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी जैसे मेगा प्रोजेक्ट की आधारशिला भी प्रधानमंत्री रखेंगे। इसके जरिए पूर्वांचल के साथ पश्चिमी यूपी को साधा जाएगा।

प्रधानमंत्री पिछले महीने वाराणसी, कुशीनगर को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दे चुके हैं। 16 नवंबर को सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जनता के लिए खोलने के बाद 19 नवंबर को झांसी आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहां वह रानी लक्ष्मी बाई की 193 वीं जयंती समारोह में शिरकत करेंगे। झांसी किला परिसर में प्रधानमंत्री की रैली की तैयारी है। वह यहां नल के जरिए जल योजना समेत कई विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।

इसके अलावा डिफेंस कारीडोर के तहत झांसी नोड में निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। 20 नवंबर को प्रधानमंत्री लखनऊ में पुलिस कॉन्फ्रेंस का उदघाटन गृहमंत्री के साथ करेंगे।



### ये हैं बड़ी परियोजनाएं

- गंगा एक्सप्रेसवे
- जेवर एयरपोर्ट
- फिल्म सिटी
- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे
- गोरखपुर खाद कारखाना
- गोरखपुर एम्स
- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे ।

### अमित शाह आजमगढ़ में राज्य विवि की आधारशिला रखेंगे

गृहमंत्री अमित शाह 13 नवंबर को आजमगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का करीब 10 प्रतिशत काम बचा है। इसे दिसंबर के आखिरी तक लोकार्पित कर दिया जाएगा। दिसंबर में प्रधानमंत्री के कई दौरे होने हैं। इन सब दौरों में प्रधानमंत्री रैलियों को भी संबोधित करेंगे।